p>

Title: Request to construct the Mahanand River Basin and linking of River Kosi and River Mahananda.

डॉ. मोहम्मद जावेद (किशनगंज): सर, आज मेरा एक प्रश्न था, लेकिन नहीं आ पाया। उसी के बारे में मैं कहना चाहता हूं। मैंने महानन्दा रिवर लिंकिंग के बारे में प्रश्न पूछा था। मेरे क्षेत्र में अक्सर फ्लड आता है और वहां ओवर अवेलेबिलिटी ऑफ वाटर है। मैं आपके माध्यम से महानन्दा बेसिन को बनाने की रिक्वेस्ट करता हूं कि इसे जल्द से जल्द वारफूटिंग पर किया जाए। जवाब में बताया गया था कि कोसी का पानी महानन्दा में कनेक्ट करके लाया जाएगा, लेकिन उससे फ्लड और आएगा। मेरा सवाल था कि महानन्दा का पानी कोसी के माध्यम से साउथ बिहार में दिया जाए, जहां पानी की किल्लत है। इससे वहां पानी भी हो जाएगा और हमारे यहां फ्लड की सिचुएशन भी बेहतर हो जाएगी। आपके माध्यम से मेरी यही डिमाण्ड है कि रिवर लिंकिंग इस तर्ज पर की जाए और महानन्दा बेसिन पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए, जिससे हम फ्लड से बच सकें।